web Ñ www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

SJU Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, सोमवार 05 अगस्त 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक- 304

## चंद्रयान-2 की भेजी तस्वीरें इसरो ने की शेयर, अंतरिक्ष से दिखा पृथ्वी का नजारा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पृथ्वी से चंद्रमा की ओर रवाना हुआ चंद्रयान 2 ने पहली बार तस्वीरें शेयर की है। इन तस्वीरों को अन्तरिक्ष अनुसन्धान संगठन (इसरो) ने ट्विटर पर शेयर किया है। इन तस्वीरों में पृथ्वी बेहद खूबसूरत नजर आ रही है। रविवार को ट्वीट कई गई पहली तस्वीर के कैप्शन में इसरो ने लिखा- चंद्रयान 2 में विक्रमलैंडर द्वारा क्लिक की गई पृथ्वी की सुंदर तस्वीरों का पहला सेट 3 अगस्त, 2019 17ल्28 यूटी पर स चंद्रयान 2 एलआई4 कैमरा द्वारा क्लिक की गई पृथ्वी।

दूसरी तस्वीर के कैप्शन में इसरो ने लिखा है- 3 अगस्त, 2019



17ल्29 यूटी पर चंद्रयान 2 एलआई4 कैमरे ने कुछ ऐसी देखी पृथ्वी।

बता दें चंद्रयान-2 को 22 जुलाई को भारत के भारी-भरकम रॉकेट जियोसिंक्रिनस सैटेलाइट लांच व्हीकल मार्क-3 के साथ प्रक्षेपित किया गया था। चंद्रयान-2 में तीन खंड बनाए गए हैं। जिनमें ऑर्बिटर (वजन 2,379 किलोग्राम, आठ पेलोड), लैंडर विक्रम (1,471 किलोग्राम, चार पेलोड) और रोवर प्रज्ञान (27 किलोग्राम, दो पेलोड) शामिल हैं।

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि चंद्रयान-2 मिशन में पृथ्वी के चक्कर लगाने के अलावा कई अलग-अलग गतिविधियां शामिल हैं। इसके तहत 14 अगस्त को अंतरिक्ष यान को चंद्रमा के लिए भेजा जाएगा, जोकि 20 अगस्त तक वहां पहुंच जाएगा। लैंडर विक्रम सात सितंबर को चंद्रमा पर उतरेगा।

गौरतलब है कि चंद्रयान-2 ले जाने वाले जीएसएलवी एमके-3 को पहले 15 जुलाई को उड़ान भरनी थी। मगर एक गंभीर तकनीकी गड़बड़ी के कारण उड़ान को 22 जुलाई तक स्थगित कर दिया गया था। इसके बाद मिशन के कार्यक्रम में भी बदलाव किए गए। 15 जुलाई के उड़ान कार्यक्रम के अनुसार चंद्रयान-2 की पृथ्वी चरण की सीमा 17 दिन थी और नए कार्यक्रम के अनुसार यह 23 दिन है।

पहले जहां विक्रम को प्रक्षेपित होने के 54 दिन बाद चंद्रमा पर उतारने की योजना बनाई गई थी, वहीं अब इसकी लैंडिंग 48 दिनों में ही हो जाएगी।

## राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र डॉ. एन. शेषगिरी को आज देंगे श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** इन्फोसिस के संस्पादक नारायण मूर्ति, केंद्रीय कानून एवं न्याय, संचार तथा इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद, केंद्रीय मानव संसाधन विकास, संचार तथा इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री संजय धौत्रे तथा इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव अजय साहनी की उपस्थिति में 5 अगस्त को नई दिल्ली में डॉ. एन. शेषगिरी स्मृति व्याख्यान देंगे। डॉ. एन. शेषिगिरी राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र के संस्थापक महादिनेशक थे। वे भारत सरकार के विशेष सचिव भी रहे। उनमें सूचना प्रौद्योगिकी की विशेषज्ञता के साथ दूरदृष्टि का भी समावेश था। वे नवाचार पर विशेष जोर देते थे। उनका जन्म 10 मई, 1940 को हुआ था। उन्होंने 1961 में यूनीवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, बेंगलूरू से इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने 1964 में भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलूरू से पीएचडी की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने 1966 में अपने कैरियर की शुरुआत टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च, मुंबई से की। डॉ. शेषगिरी आम लोगों की सुविधा के लिए आईटी क्रांति को जमीनी स्तर तक ले जाना चाहते थे।



## महत्वपूर्ण एवं खास

### दस अगस्त को होगी कांग्रेस सीडब्ल्यूसी की बैठक

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस की सर्वोच्च इकाई कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक 10 अगस्त को होगी. माना जा रहा है कि इस बैठक में पार्टी के नए अध्यक्ष पर फैसला हो सकता है. राहुल गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद अब पार्टी में इस बात की कशमकश चल रही है कि पार्टी का अगला अध्यक्ष कौन होगा? नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए सीडब्ल्यूसी की बैठक में कौन शामिल होगा, इसका सस्पेंस बना हुआ है. कुछ नेताओं का कहना है कि जब ऊपरी स्तर की नियुक्तियां खाली हों तो कांग्रेस पार्टी के संविधान के अनुसार, 29 स्थायी आमंत्रित सदस्य, विशेष आमंत्रित सदस्य और कार्य समिति के पुराने सदस्य नए अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए सीडब्ल्यूसी में शामिल नहीं हो सकते. नेताओं की मानें, तो कांग्रेस के नए अध्यक्ष चुनने के प्रक्रिया में सिर्फ 24 पूर्णकालिक सदस्य ही कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में हिस्सा ले सकते हैं.

### मेक्सिको में पत्रकार की हत्या, साल में 10वां मामला

**जलपा ।** वेराक्रूज में पत्रकार जॉर्ज केलेस्टिनो रूज वेजक्यूज की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस साल मौत के घाट उतारे गए वह 10वें पत्रकार हैं। वेजक्यूज ने उन्हें हमलों की धमकी मिलने का एक मामला दर्ज कराया था और इस मामले में उन्हें सरकारी अधिकारियों के समक्ष पेश होना था। अटॉर्नी कार्यालय ने एक बयान में कहा कि वेजक्यूज शुक्रवार रात अपने घर में मृत पाए गए। वेजक्यूज को अगले मंगलवार अधिकारियों के समक्ष बयान देने के लिए पेश होना था। उन्होंने आरोप लगाया था कि इन हमलों के पीछे एक्टोपेन के मेयर पॉलिनो डोमीनग्येज सैनचेज का हाथ है। पत्रकारों की रक्षा करने वाली समिति ने कहा कि वेजक्यूज एक सप्ताह में मौत के घाट उतारे गए तीसरे पत्रकार हैं। इस साल अभी तक 10 पत्रकारों की हत्या हो चुकी है।

### टेक्सास के शॉपिंग स्टोर में गोलीबारी, 20 की मौत, 26 घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका के अल पासो शहर में भीड़ पर गोलीबारी की घटना में 20 लोगों की मौत हो गई और 26 लोग घायल हो गए। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबोट ने यह जानकारी दी। उन्होंने इसे प्रांत के इतिहास के सबसे काले दिनों में से एक बताया। यह नरसंहार शनिवार को शहर में सीलो विस्टा मॉल के पास एक वालमार्ट स्टोर में हुआ। यह स्थान अमेरिका-मेक्सिको सीमा से कुछ ही मील की दूरी पर स्थित है। एक 21 वर्षीय संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है और हमलावर वही अकेला बंदूकधारी माना जा रहा है। एबोट ने उसे पकड़ने वाले पुलिस अधिकारियों की प्रशंसा की। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, संदिग्ध का नाम पेट्रिक क्रूसियस है, जो डलास क्षेत्र का निवासी है।

### एडवाइजरी को लेकर कश्मीर में खौफ का माहौल

**» कांग्रेस ने मोदी सरकार पर साधा निशाना**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रा स्थगित करने तथा पर्यटकों को वापस जाने की हिदायत देने के सरकार के कदमों से वहां दहशत का माहौल बन गया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संसद में बयान देना चाहिए कि इस तरह के कदम क्यों उठाये गये हैं। पार्टी ने सरकार को आगाह किया कि वह संविधान के अनुच्छेद 370 तथा 35-ए के माध्यम से जम्मू-कश्मीर के लोगों को मिले संवैधानिक अधिकारों को खत्म करने का प्रयास नहीं करे। इस तरह का कोई भी कदम घातक साबित होगा और इससे वहां संकट गहरा जाएगा। राज्य सभा में विपक्ष के नेता गुलाम नबी आजाद, जम्मू-कश्मीर के पूर्व सदरे रियासत डॉ कर्ण सिंह, पूर्व गृहमंत्री पी चिदम्बरम, पार्टी की प्रदेश प्रभारी अम्बिका सोनी तथा राज्यसभा में पार्टी के उपनेता आनंद शर्मा ने शनिवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों और अमरनाथ यात्रियों को वापस लौटने के लिए जो परामर्श दिया है वह अभूतपूर्व है।

## महिला एसएचओ ने 60 दिनों में की 200 दुष्कर्म, यौन शोषण मामलों की जांच

**इस्लामाबाद।** दो महीने पहले ही पाकपट्टन की महिला स्टेशन हाउस अधिकारी (एसएचओ) के तौर पर पदभार ग्रहण करने वाली युवा सब-इंस्पेक्टर कुलसूम फातिमा के काम की काफी प्रशंसा हो रही है, जिन्होंने मात्र दो महीनों में ही दुष्कर्म और यौन शोषण के 200 मामलों की जांच की है। कुलसूम जिले की पहली महिला एसएचओ हैं। दो महीने की छोटी सी अवधि में ही उन्होंने अपने लगन और जोश से असाधारण प्रदर्शन कर दिखाया है। हाल ही में उन्होंने बीबीसी को साक्षात्कार दिया था। उस दौरान उन्होंने कहा था कि नाबालिग लड़कियों के साथ होने वाले यौन शोषण की घटनाएं उन्हें हमेशा से क्रोधित करती रही हैं, लेकिन वह उस समय कुछ करने में असमर्थ थीं। कुलसूम ने साक्षात्कार में कहा, मैं एक दिन ऐसे पद पर होने की आशा करती थी, जहां मैं इन छोटी बच्चियों के लिए कुछ कर सकूं। प्रतियोगी परीक्षा पास करने के बाद जब मुझे पंजाब पुलिस में सब-इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्त किया गया तब मुझे उनके लिए कुछ करने का मौका मिला। इस महिला एसएचओ को नाबालिग व महिला संबंधित मामलों को सौंपा गया है। उनका कहना है कि वह उन कर्तव्यों को निभाकर खुश हैं, जिसे निभाने की चाहत उन्हें हमेशा से थी। कुलसूम को मॉडल पुलिस स्टेशन दलोरियां में एसएचओ के तौर पर नियुक्त करने वाले पाकपट्टन के जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) इबादत निसार का कहना है कि पाकपट्टन पुलिस में महिला अफसरों की नियुक्ति, लोगों को न्याय दिलाने में मदद करेगी।

## कुलदीप सेंगर के घर समेत 17 ठिकानों पर छापेमारी

**» उन्नाव रेप केस में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई**

**उन्नाव (आरएनएस)।** उन्नाव रेप केस के मुख्य आरोपी विधायक कुलदीप सेंगर समेत अन्य आरोपियों के ठिकानों पर सीबीआई छापेमारी कर रही है। सीबीआई की टीम ने कुलदीप सेंगर का कच्चा चिट्ठा तलाशने के लिए घर समेत 17 ठिकानों पर छापेमारी की।

सीबीआई कुलदीप सिंह सेंगर के ठिकानों की तलाशी ले रही है। सीबीआई की टीमें लखनऊ, उन्नाव, बांदा और फतेहपुर में आरोपी विधायक के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। इसके साथ ही सीबीआई की ओर से आरोपी विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को रविवार देर रात सीतापुर जेल से दिल्ली ले जाने की भी संभावना है।




दरअसल, उन्नाव रेप केस की जांच में जुटी सीबीआई ने शनिवार को दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में चार्जशीट दायर की है। इस पर कोर्ट ने कुलदीप सिंह सेंगर और शशि सिंह समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ प्रोडक्शन वारंट जारी किया है। कोर्ट ने 5 अगस्त को दोपहर इन आरोपियों को कोर्ट में पेश करने का आदेश जारी किया है। साथ ही कोर्ट ने कुछ आरोपियों को 6 अगस्त को पेशी के लिए बुलाया है।

बता दें कि 30 जुलाई को रायबरेली में हुए एक हादसे में उन्नाव दुष्कर्म कांड की पीड़िता और उसका वकील बुरी तरह घायल हो गया था जबकि पीड़िता के दो परिजनों की मौत हो गई थी। सीबीआई की टीम उन्नाव के माखी में भी सेंगर के घर पूछताछ करने के लिए गई हुई है।

## आप सरकार दलित छात्रों को विदेश में पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति देगी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** आप सरकार दलित छात्रों को विदेश में पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति देगी. दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार करीब 100 दलित छात्रों को विदेश में पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति देने की योजना ला रही है. प्रतिभाशाली छात्र जो कला, कृषि, कानून, चिकित्सा और इंजीनियरिंग आदि के क्षेत्र में एम फिल और पीएचडी की पढ़ाई करना चाहते हैं, वे इस योजना के तहत आवेदन कर सकते हैं.

दिल्ली के एससी/एसटी मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने बताया कि जल्द ही इस प्रस्ताव को कैबिनेट के समक्ष लाया जाएगा.



उन्होंने बताया कि सरकार करीब 100 अभ्यर्थियों को दो साल के पाठ्यक्रम के लिए 10 लाख रुपये और चार साल के पाठ्यक्रम के लिए 20 लाख रुपये की वित्तीय मदद मुहैया कराएगी. गौतम ने बताया कि योजना का लाभ उठाने के लिए वार्षिक आय की सीमा छह लाख रुपये रखी जा सकती है.

मंत्री ने कहा, विदेश में उच्च शिक्षा हासिल करना महंगा है. हमारे पास ऐसे प्रतिभाशाली लोगों की कोई कमी नहीं है जिन्हें बराबर का मौका दिया जाए तो वे कुछ भी हासिल कर सकते हैं. आप सरकार ने उनका हाथ थामने का फैसला किया है. उन्होंने कहा, बड़ौदा रियासत के शासक सयाजी राव गायकवाड ने भीमराव आम्बेडकर की विदेश में पढ़ाई का खर्च उठाया था और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया था. शेष आज इतिहास है.

गौरतलब है कि केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भी हर साल अनुसूचित जातियों के 100 छात्रों को विदेशी विश्वविद्यालयों में विज्ञान, इंजीनियरिंग, वाणिज्य, कला और समाज विज्ञान में परास्नातक और पीएचडी की पढ़ाई के लिए 'राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति योजना' के तहत वित्तीय मदद करता है. यह मदद 15,400 डॉलर या करीब 10 लाख रुपये की होती है. पिछले साल आप सरकार ने जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना की शुरुआत की थी. इसके तहत दलित छात्र विभिन्न परीक्षाओं के लिए मुफ्त में कोचिंग ले सकते हैं.

## दिल्ली विधानसभा में तीन महीनों में बंद हो जाएगा कागज का इस्तेमाल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली विधानसभा में अगले तीन महीनों में कागजों का इस्तेमाल बंद हो जाएगा. यह उस महत्त्वकांक्षी परियोजना का हिस्सा है जिसके तहत विधायकों को सदन की कार्यवाही से रू-ब-रू रखने के लिए टैब मुहैया कराए जाएंगे.



विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने बताया कि विधायकों की सीटों पर एलसीडी कंप्यूटर स्क्रीन भी लगाई जाएंगी जिनके जरिए वे विधानसभा सत्र के दौरान होने वाले काम-काज की सूची देख पाएंगे. साथ ही सदन की कार्यवाही से जुड़े प्रश्नों और अन्य दस्तावेजों की सूची भी देख सकेंगे.

दिल्ली सरकार ने इस परियोजना के लिए 20 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं. इससे पहले विधानसभा सचिवालय ने केंद्र के 'नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन' से खुद को अलग कर लिया था. विधानसभा की तकनीकी परामर्श समिति ने प्रस्ताव को स्वीकृत कर आगे की प्रक्रिया के लिए दिल्ली सरकार के वित्त विभाग को भेज दिया है.

गोयल ने कहा, अगले तीन महीनों में, दिल्ली विधानसभा कागज रहित हो जाएगी. विधायक घर बैठे देख सकते हैं कि सत्र के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नों में उनके प्रश्न शामिल हैं या नहीं. गोयल ने कहा, इस परियोजना का क्रियान्वयन दिल्ली सरकार की वित्तीय मदद से किया जा रहा है जिसने इसके लिए 20 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं.

## सफेद झंडा लेकर आएं और अपने लोगों के शव ले जाएं

**» बॉर्डर पर कार्रवाई के बाद भारतीय सेना ने पाक से कहा**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय सेना ने आतंकवादियों और घुसपैठियों के खिलाफ अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है और अब जम्मू कश्मीर के केरन सेक्टर में पाकिस्तानी बीएटी की घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम कर दिया है। भारतीय सेना ने घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे करीब 5-7 पाकिस्तानी बीएटी के कमांडो को मार गिराया है।



बता दें कि जम्मू-कश्मीर के केरन सेक्टर में भारतीय सेना ने पाकिस्तानी बीएटी (बॉर्डर एक्शन टीम) की घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम कर दिया। भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर मारे गए आतंकियों के शव ले जाने का प्रस्ताव भेजा है। भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को शवों को ले जाने के लिए सफेद झंडे के साथ आने का प्रस्ताव दिया है। हालांकि पाकिस्तान की तरफ से अभी तक कोई जवाब नहीं आया है।

भारतीय सेना ने घुसपैठियों के शव की तस्वीर भी जारी की थी। लाल रंग के घेरे (आर्मी की ओर से जारी तस्वीर) में घुसपैठियों के शव दुनिया को बताने के लिए काफी हैं कि अब पाकिस्तान की एक-एक गोली का हिसाब कई-कई गोलों से दिया जाएगा। पाकिस्तान ने रोना रोते हुए शनिवार को भारत पर आरोप लगाया था कि नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर भारतीय सेना कथित तौर पर क्लस्टर बम का इस्तेमाल कर रही है। इसके जवाब में भारतीय सेना ने कहा कि उनके द्वारा नियंत्रण रेखा पर केवल घुसपैठ रोकने की कोशिशों के चलते पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर जवाबी कार्रवाई की जा रही हैं।

## भारी बारिश से बेहाल मुंबई, सायन-कुर्ला के बीच रेल सेवा ठप, 7 उड़ानें रद्द

**मुंबई (आरएनएस)।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई भारी बारिश के कारण बेहाल है। शुक्रवार से जारी बारिश ने शहर का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बारिश के कारण कई रूटों पर मुंबई लोकल की सेवाएं रद्द कर दी गई है जबकि 7 फ्लाइट्स को कैंसल किया गया है। मौसम विभाग ने सोमवार तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। रविवार को कई इलाकों में लोगों को तेज बारिश के साथ हाई टाइड का भी सामना करना पड़ेगा और इस दौरान समुद्र में 4.5 मीटर ऊंची लहरें उठ सकती हैं। लोगों को सलाह दी गई है कि वे घर से निकलने से बचें।

मुंबई के ठाणे और पालघर में हो रही लगातार बारिश के कारण लंबी दूरी की ट्रेनों को रोका गया है। इगतपुरी में नागपुर दुरंतो और हाबड़ा मुंबई को रोका गया है। मुंबई से सटे हार्बर लाइन पर ओवर हेड वायर टूटने की वजह से सभी लोकल ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। वहीं छह ट्रेनों का रूट बदला गया है। बताया जा रहा है कि कुर्ला-चूनाभट्टी इलाके में पानी भरने की वजह से हार्बर लाइन की सभी लोकल और एक्सप्रेस सेवा पूरी तरह से बंद हैं।



वहीं सेन्ट्रल रेलवे की सिर्फ एक लोकल को अभी तक छोड़ा गया है। बाकी सेन्ट्रल लाइन की आने जानेवाली सभी ट्रेने बंद हैं। हालांकि वेस्टर्न रेलवे की सभी ट्रेनें समय से चल रही हैं। इसके साथ ही मुंबई के ठाणे और पालघर में कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण लंबी दूरी की ट्रेनों को रोका गया है। इगतपुरी में नागपुर दुरंतो और हाबड़ा मुंबई को रोका गया है। इनके अलावा कसारा और कल्याण रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर पानी भरने से भी ट्रेनें रोकी गई हैं। बारिश के चलते मुंबई-पुणे डेक्कन चीन और मुंबई-पुणे सिहंगड़ एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया है। हार्बर की वडाला से लेकर वाशी तक ट्रेनें पूरी तरह से बंद हैं।

अंधेरी के सबवे पर भी पानी भरना शुरू हो चुका है। लिहाजा सबवे को बंद कर दिया गया है। पुलिस और बीएमसी कर्मचारी मौके पर तैनात हैं। पानी को निकालने की कोशिशें की जा रही हैं। कल रात सुबह पांच बजे तक मुंबई के कुलाबा में 120.8 मिलीमीटर बारिश हुई। जबकि सांताक्रुज में 173.0 मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम विभाग की ओर से आनेवाले 48 घंटों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। वहीं मुंबई में पूरी रात लगातार मूसलाधार बारिश होने से जलभराव हो गया है।